# कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा– माध्य / मा–ब / 22803 / 2017–18 / 60 दिनांक :12.07.18

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक / माध्यमिक–प्रथम।

**विषय :–** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2017'' के लिए प्राप्त आवेदनों में से वरीयतानुसार ''राष्ट्र / राज्य / मण्डल स्तरीय शिक्षक पुरस्कार'' हेतु शिक्षकों की चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में

**प्रसंग :–** शासन का पत्रांक : प.18(2) शिक्षा–2 / 2018, जयपुर, दिनांक : 12.07.18

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि समसंख्यक पत्र दिनांक : 04.07.2018 एवं 10.07.2018 द्वारा आपको ''राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2017'' के आवेदन एवं चयन प्रक्रिया हेतु संशोधित समय सारिणी के सम्बन्ध में अवगति प्रदान की गई थी । प्रासंगिक शासकीय स्वीकृति के क्रम में राष्ट्र/राज्य/मण्डल स्तरीय शिक्षक पुरस्कार हेतु अग्रांकित विवरणानुसार चयन प्रक्रिया निर्धारित की जाती है :–

1- MHRD के संशोधित दिशा–निर्देशानुसार राष्ट्र स्तरीय शिक्षक पुरस्कार हेतु प्रत्येक जिले से कुल 3 शिक्षकों के प्रस्ताव ''जिला स्तरीय चयन समिति'' द्वारा छंटनी पश्चात् राज्य स्तरीय समिति को प्रेषित किए जाने हैं। उक्तानुरूप सम्पूर्ण राज्य हेतु ''राज्य स्तरीय चयन समिति'' के समक्ष प्रस्तुत कुल 99 शिक्षकों के प्रस्तावों में से उच्च वरीयता के 25 प्रस्ताव राष्ट्र/राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु चयन किए जाने के पश्चात् शेष 74 शिक्षकों को पूर्वानुरूप गांधी जयन्ती (02 अक्टूबर) के अवसर पर ''मण्डल स्तरीय समारोह'' में सम्मानित किया जाएगा।

2- MHRD द्वारा संशोधित दिशा–निर्देशानुसार राष्ट्र स्तरीय पुरस्कार हेतु ऑन–लाईन आवेदन करने वाले शिक्षकों में से ''राज्य स्तरीय चयन समिति'' द्वारा उपर्युक्तानुसार प्राप्त कुल 99 प्रस्तावों में से ''राष्ट्र स्तरीय पुरस्कार–2017'' के लिए ''स्वतंत्र राष्ट्रीय ज्यूरी'' के सम्मुख प्रस्तुतीकरण हेतु वरीयतानुसार चयनित 6 शिक्षकों को सम्मिलित करते हुए प्रथम 25 वरीयता वाले शिक्षकों के नाम शिक्षक दिवस (05,सितम्बर–2018) के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले ''राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह'' में "राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार" हेतु अनुशंषित किए जाएंगें।

3- बिन्दु संख्या–2 में वर्णित प्रक्रिया उपरान्त ''स्वतंत्र राष्ट्रीय ज्यूरी'' द्वारा ''राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2017'' हेतु चयनित शिक्षकों द्वारा दिनांक : 05.09.2018 को नई दिल्ली में आयोज्य ''राष्ट्र स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह'' में भागीदारी की जाएगी एवं बिन्दु संख्या–2 में वर्णित प्रक्रिया द्वारा चयनित 25 शिक्षकों में से शेष शिक्षकों को दिनांक : 05.09.2018 को जयपुर में आयोज्य ''राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह–2018'' में पुरस्कृत किया जाएगा।

4- ''जिला स्तरीय चयन समिति'' द्वारा ''राज्य स्तरीय चयन समिति'' को प्रेषित कुल 99 प्रस्तावों में से बिन्दु संख्या–1 में वर्णितानुसार शेष 74 शिक्षकों को उनके पदस्थापन स्थान से सम्बन्धित मण्डल में मण्डल उप निदेशक द्वारा दिनांक : 02.10.2018 को गांधी जयंती के अवसर पर समारोहपूर्वक सम्मानित किया जाएगा।

5- उपर्युक्त प्रक्रियानुसार प्रत्येक जिले में माध्यमिक शिक्षा, प्रारम्भिक शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग में कार्यरत इच्छुक शिक्षक/संस्था प्रधानों द्वारा ''राष्ट्र/राज्य/मण्डल स्तरीय शिक्षक सम्मान हेतु निर्धारित समयावधि (दिनांक 15.07.2018 तक) में MHRD की आधिकारिक वेब–साईट के पॉर्टल पर ऑन लाईन आवेदन किया जा सकता है।

6- जिला स्तर पर चयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक (दो होने की स्थिति में मा–प्रथम) की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यी ''जिला स्तरीय चयन समिति'' के अन्य दो सदस्य अग्रानुसार है :–

(i) राज्य सरकार का प्रतिनिधि (ii) सम्बन्धित जिला कलक्टर द्वारा नामित प्रतिष्ठित शिक्षाविद् ।

उपर्युक्त विवरणानुसार राज्य सरकार द्वारा प्रतिनिधि नामित किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जिसके सम्बन्ध में अवगति शीघ्रताशीघ्र आपको प्रदान कर दी जाएगी। समिति के दूसरे सदस्य के नामांकन हेतु आप अपने जिले के जिला कलक्टर महोदय से तत्काल सम्पर्क–समन्वय स्थापित कर प्रतिष्ठित शिक्षाविद् का नामांकन करवाया जाना सुनिश्चित करें।

7- केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा ''जिला स्तरीय चयन समिति'' के लॉगिन–पासवर्ड सम्बन्धित जिला कलक्टर महोदय को ई–मेल द्वारा भिजवाये जाएंगे। उक्तानुसार जिला कलक्टर महोदय से

7- केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा ''जिला स्तरीय चयन समिति'' के लॉगिन-पासवर्ड सम्बन्धित जिला कलक्टर महोदय को ई-मेल द्वारा भिजवाये जाएंगे। उक्तानुसार जिला कलक्टर महोदय से अग्रिम सम्पर्क-समन्वय स्थापित कर ऑन लाईन प्राप्त आवेदन पत्रों की छंटनी एवं छंटनी उपरांत वरीयता में प्रथम तीन आवेदकों के आवेदन ''राज्य स्तरीय चयन समिति'' को अग्रेषित किए जाने की कार्यवाही निर्धारित समयावधि (दिनांक : 24.07.2018 तक) में सम्पादित करवाया जाना सुनिश्चित करें।

''राष्ट्र/राज्य/मण्डल स्तरीय शिक्षक पुरस्कार'' हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं तदुपरांत ''जिला स्तरीय चयन समिति'' द्वारा सम्पादित की जाने वाली कार्यवाही की तिथियां सन्निकट होने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकार में माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों/संस्था प्रधानों को अधिकाधिक संख्या में आवेदन करवाया जाना तथा उपर्युक्तानुसार निर्देशित कार्यवाही तत्काल प्रारम्भ की जानी सुनिश्चित करें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
**निदेशक ,माध्यमिक शिक्षा**
**राजस्थान,**
**बीकानेर**

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर ।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप-2) विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में सूचनार्थ ।
4. समस्त जिला कलक्टर गण को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु ।
5. निदेशक, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर को अग्रिम सूचनार्थ एवं यथावश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
6. आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर ।
7. समस्त उप निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा को क्षेत्राधिकार में समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
8. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब-साईट पर अपलोड करने हेतु।
9. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक-द्वितीय को क्षेत्राधिकार में समुचित प्रचार-प्रसार हेतु ।
10. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा-प्रथम/द्वितीय को क्षेत्राधिकार में समुचित प्रचार-प्रसार हेतु।
11. रक्षित पत्रावली ।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर